**प्रसार भारती**
**भारतीय प्रसारण निगम**
**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**
**28.10.2025 / प्रादेशिक समाचार / 19.45 बजे**

## मुख्य समाचार

- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने सोलन विधानसभा क्षेत्र में 27 करोड़ रूपए से अधिक की विकास परियोजनाओं के किए उद्घाटन व शिलान्यास।
- केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 8वें केंद्रीय वेतन आयोग के कार्यक्षेत्र को दी मंजूरी।
- राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी ने कहा– धारा 118 में नहीं किया कोई बदलाव– जनता को गुमराह कर रहा है विपक्ष।
- प्रदेश भाजपा महिला मोर्चा की अध्यक्ष डेज़ी ठाकुर ने राज्य सरकार पर महिलाओं के साथ विश्वासघात करने का लगाया आरोप।
- चंबा जिला में सलूणी–टिकरू सड़क पर एक कार के दुर्घटनाग्रस्त होने से दो लोगों की मौत–दो बच्चे घायल।

## मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने आज सोलन विधानसभा क्षेत्र में 27 करोड़ 43 लाख रूपए की पांच विकास परियोजनाओं के उद्घाटन व शिलान्यास किए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में उठाए गए सुधारात्मक कदमों के सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार के प्रयासों से शिक्षा के क्षेत्र में हिमाचल 21वें स्थान से 5वें स्थान पर पहुंच गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि गांव में पढ़ने वाले बच्चों में आत्मविश्वास बढ़ाने और उन्हें भविष्य की चुनौतियों से निपटने में सक्षम बनाने के लिए प्रदेश के प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में राजीव गांधी डे–बोर्डिंग स्कूल खोले जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षा में सुधार के लिए प्रथम चरण में प्रदेश में सौ स्कूल सीबीएसई आधारित बनाए जा रहे हैं, जिनमें सभी विषयों के अध्यापक नियुक्त किए जाएंगे और अध्यापकों का अलग कैडर होगा।

इस दौरान मुख्यमंत्री ने ममलीग उप–तहसील को स्तरोन्नत कर तहसील बनाने की घोषणा भी की। इस मौके पर स्वास्थ्य मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

## कैबिनेट–निर्णय

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 8वें केंद्रीय वेतन आयोग के कार्यक्षेत्र को मंजूरी दे दी है। मत्रिमंडल की बैठक के बाद सूचना व प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने आज नई दिल्ली में संवाददाताओं को बताया कि आयोग अपने गठन की तिथि से 18 महीनों के भीतर अपनी सिफारिशें देगा। उन्होंने बताया कि आयोग में एक अध्यक्ष, एक अंशकालिक सदस्य और एक सदस्य–सचिव होंगे।

*8 जी पे कमीशन को आज हमारे प्रधानमंत्री जी ने अप्रूव किया और यह बहुत बड़ा महत्वपूर्ण फैसला है। करीब करीब सभी राज्य सरकारों ने इसमें सहयोग किया है। 18जी मंथ में रिपोर्ट आएगी इसकी।8जी पे कमीशन रंजना प्रकाश देसाई को इसका चेयरपर्सन बनाया गया। शुक्ला घोष एंड पंकज जैन, हु इज़ सेक्रेटरी पेट्रोलियम नेचुरल गैस*

मंत्रिमंडल ने रबी सीजन 2025–26 के लिए फॉस्फेटिक और पोटाशिक उर्वरकों पर पोषक तत्व आधारित सब्सिडी दरों को भी स्वीकृति दे दी है। अश्विनी वैष्णव ने बताया कि मंत्रिमंडल ने रबी 2025 के लिए

लगभग 37 हजार नौ सौ 52 करोड़ रुपये की सब्सिडी को मंजूरी दी है। ये दरें पहली अक्तूबर से लागू होंगी।

## विक्रमादित्य

लोक निर्माण व शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने आज शिमला ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र की ओगली पंचायत में करोड़ों रूपए की विकास परियोजनाओं के उद्घाटन व शिलान्यास किए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रदेश के प्रत्येक गांव को सड़कों से जोड़ने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है ताकि ग्रामीण क्षेत्र मुख्यधारा के साथ जुड़कर विकास की ओर अग्रसर रहे। विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि क्षेत्र में करीब 2 सौ करोड़ रूपए की लागत से सड़कों का जाल बिछाया जा रहा है। इस दौरान लोक निर्माण मंत्री ने पन्दोआ खड्ड से केल बागड़ी उठाऊ पेयजल योजना का लोकार्पण भी किया। इस योजना से क्षेत्र की आठ पंचायतों के लोगों को पेयजल सुविधा मिलेगी।

## राजेश धर्माणी

नगर व ग्राम नियोजन मंत्री राजेश धर्माणी ने अधिकारियों को विकास परियोजनाओं को समयबद्ध पूरा करने के निर्देश दिए हैं ताकि इनका लाभ आम लोगों को मिल सके। वे आज बिलासपुर में विभिन्न विभागों के माध्यम से चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। राजेश धर्माणी ने भारी बरसात के दौरान प्रभावित गरीब व ज़रूरतमंद परिवारों को आपदा राहत में शामिल करने के निर्देश भी दिए ताकि कोई भी परिवार राहत राशि से वंचित न रहे। इस बीच राजेश धर्माणी ने बिलासपुर में 46 लाख रूपये की लागत से निर्मित अतिरिक्त डिजिटल लाइब्रेरी भवन का उद्घाटन भी किया।

## जगत सिंह नेगी

राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी ने स्पष्ट किया है कि धारा 118 में कोई छेड़छाड़ या बदलाव नहीं किया जा रहा है। आज शिमला में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने इस संबंध में विपक्ष के आरोपों को बेबुनियाद बताते हुए कहा कि धारा 118 में विधानसभा की मंजूरी के बिना संशोधन संभव ही नहीं है। जगत सिंह नेगी ने कहा कि विधानसभा में जो संशोधन पहले किया गया था वो केवल धार्मिक संस्थाओं के लिए था ताकि उन्हें सीलिंग एक्ट से बाहर रखा जा सके। उन्होंने कहा कि ये विधेयक विपक्ष की सहमति से पास हुआ था और अब जनता को गुमराह करने के लिए भाजपा बयानबाजी कर रही है।

सेब की फसल को सड़क किनारे रखे जाने के विपक्ष के आरोपों पर राजस्व मंत्री ने कहा कि एचपीएमसी ने इस बार एक लाख मीट्रिक टन से अधिक सेब की खरीद की है और सेब की फसल को नालों में नहीं फेंका गया।

## डेज़ी ठाकुर

प्रदेश भाजपा महिला मोर्चा की अध्यक्ष डेज़ी ठाकुर ने कहा है कि प्रदेश की सुक्खू सरकार महिलाओं के साथ बार–बार विश्वासघात कर रही है। एक बयान में उन्होंने कहा कि महिला सशक्तिकरण की बातें करने वाली कांग्रेस सरकार महिलाओं को केवल वोट बैंक मानती है जबकि व्यवहार में ये सरकार महिला विरोधी है। डेज़ी ठाकुर ने कहा कि सरकार द्वारा शिमला नगर निगम के मेयर और डिप्टी मेयर के कार्यकाल को पांच वर्ष करने का निर्णय लोकतंत्र और महिलाओं के आरक्षण अधिकार पर सीधा हमला है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की मूल भावना और महिलाओं की भागीदारी को दरकिनार कर अपने नज़दीकी नेताओं को लाभ पहुंचाने की ये कोशिश निंदनीय हैं।

## दुर्घटना

चंबा जिला में किहार थाना के तहत सलूणी–टिकरू सड़क मार्ग पर आज एक कार के गहरी खाई में गिरने से दो लोगों की मौत हो गई जबकि दो बच्चे घायल हैं। गंभीर रूप से घायल एक बच्चे को चंबा

मैडिकल कॉलेज रैफर किया गया है जबकि दूसरा बच्चा किहार अस्पताल में उपचाराधीन है। चंबा के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हितेश लखनपाल ने बताया कि दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है। प्रशासन द्वारा मृतकों के परिजनों को 25–25 हज़ार रूपए की फौरी राहत राशि प्रदान की गई है।

## मुख्य समाचार एक बार फिर

- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने सोलन विधानसभा क्षेत्र में 27 करोड़ रूपए से अधिक की विकास परियोजनाओं के किए उद्घाटन व शिलान्यास।
- केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 8वें केंद्रीय वेतन आयोग के कार्यक्षेत्र को दी मंजूरी।
- राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी ने कहा– धारा 118 में नहीं किया कोई बदलाव– जनता को गुमराह कर रहा है विपक्ष।
- प्रदेश भाजपा महिला मोर्चा की अध्यक्ष डेज़ी ठाकुर ने राज्य सरकार पर महिलाओं के साथ विश्वासघात करने का लगाया आरोप।
- चंबा जिला में सलूणी–टिकरू सड़क पर एक कार के दुर्घटनाग्रस्त होने से दो लोगों की मौत–दो बच्चे घायल।